



# नियमित और संतुलित पेयजल की करे आपूर्ति : श्री नारायन

## कलेक्टर ने की जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 4 जून, ग्रीष्मकाल में पेयजल की मांग को देखते हुए कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की। बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि ग्रीष्मकाल में नागरिकों को निर्बाध और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।**



उन्होंने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वयं अपने-अपने क्षेत्रों में जल स्त्रोतों की उपलब्धता, जल भंडारण क्षमता तथा प्रतिदिन की खपत का वैज्ञानिक एवं वास्तविक आंकलन करें। इसके आधार पर ऐसी कार्ययोजना तैयार की जाए जिससे नियमित और संतुलित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर श्री नारायन ने कहा कि कई स्थानों पर पर्याप्त जल उपलब्ध होने के बावजूद वितरण व्यवस्था में समन्वय की कमी अथवा लापरवाही के कारण नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल उपलब्ध होने के बाद भी लोगों तक समय पर पानी नहीं पहुंचता है, तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

**वितरण व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश**

बैठक में पेयजल वितरण तंत्र की दक्षता बढ़ाने, जल आपूर्ति के समय और मात्रा की निगरानी करने तथा शिकायतों के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने सभी सीएमओ को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रों में नियमित मॉनिटरिंग करें और किसी भी प्रकार की तकनीकी या प्रबंधन संबंधी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की मांग बढ़ जाती है, ऐसे में उपलब्ध संसाधनों का युक्तियुक्त उपयोग आवश्यक है। जल संरक्षण और समुचित प्रबंधन के माध्यम से ही सभी क्षेत्रों तक समान रूप से पेयजल पहुंचाया जा सकता है।

### ग्रामीण क्षेत्रों के येलो श्रेणी वाले गांवों पर विशेष फोकस

ग्रामीण क्षेत्रों में संभावित जल संकट की स्थिति का जायजा लेते हुए कलेक्टर ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे येलो श्रेणी में चिन्हांकित ग्रामों का फील्ड अमले के माध्यम से तत्काल भ्रमण कराएं। इन गांवों में पेयजल की वास्तविक स्थिति, जल स्रोतों की उपलब्धता तथा संभावित समस्याओं का विस्तृत आकलन कर शीघ्र वस्तुस्थिति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में भविष्य में पेयजल संकट की आशंका है, वहां समय रहते वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### शिकायतों के त्वरित निराकरण पर जोर

कलेक्टर श्री नारायन ने अधिकारियों से कहा कि पेयजल संबंधी शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। टैंकर आपूर्ति, हैंडपंपों की मरम्मत, पाइपलाइन लीकेज और जल स्रोतों के रखरखाव जैसे कार्यों में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नियमित फील्ड निरीक्षण और सतत निगरानी के माध्यम से पेयजल व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री नारायन ने स्पष्ट कहा कि पेयजल जैसी बुनियादी आवश्यकता के मामले में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आमजन को राहत पहुंचाने के लिए नगरीय निकायों, ग्रामीण विकास विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के पूरे अमले को बेहतर आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## भाजपा कार्यालय में पांचो मंडल की कार्यशाला का आयोजन

**मुलताई।** नगर के भाजपा कार्यालय में गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के मुलताई, दुनावा, साइखेड़ा मंडल की संयुक्त कार्यशाला कायोजन किया गया। जिसमे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष विश्वास- विकास एवं जन कल्याण के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने एंव आगामी समय में होने वाले कार्यक्रम पर चर्चा की गई। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया भाजपा कार्यालय में भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र की समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ मुलताई, दुनावा, साईंखेड़ा मंडल की संयुक्त रूप से मासिक बैठक की शुरुआत की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार ने पांचो मंडलों की बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 वर्ष के दौरान किए गए गौरवपूर्ण जनकल्याणकारी कार्यों एवं राज्य सरकार की उपलब्धियां को जन जन तक पहुंचाने का कार्यकर्ताओं से आवाहन किया,आगामी वर्ष में होने वाले चुनाव को देखते हुए संगठन द्वारा लगातार मासिक बैठक लेकर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जा रहा है। उन्होंने संगठन की बैठक में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को अपेक्षित संख्या में शामिल होने की बात कही। भाजपा जिला उपाध्यक्ष एंव इस कार्यक्रम के जिला सहसंयोजक जगदीश पवार ने 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक आयोजित होने वाले संगठन के कार्यक्रमों की सविस्तार जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में भाजपा जिला मंत्री वर्षा गढेकर द्वारा आभार व्यक्त एवं भाजपा नगर मंडल महामंत्री राघवेंद्र रघुवंशी द्वारा कार्यक्रम में मंच संचालन किया गया।



## राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियां शुरूऱ

**बैतूल।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के मुख्य आतिथ्य में जिले में 18 जून को ब्रह्मकुमारी संस्थान के तत्वावधान में आयोजित होने वाले आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार को कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे एवं पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने गुरुवार को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम बैतूल पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ब्रह्मकुमारी संस्थान के प्रतिनिधियों से कार्यक्रम के स्वरूप एवं व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर एवं एसपी ने कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों के आगमन, मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, पार्किंग तथा आगमन-निर्गमन मार्गों सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को प्रोटोकॉल अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस ग्राउंड पहुंचकर प्रस्तावित हेलीपैड स्थल का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



## चलते ट्रक में लगी आग, फायर कर्मचारियो ने बुझाई


**मुलताई।** थाना क्षेत्र साईखेड़ा के ग्राम उमनपेठ में बुधवार एवं गुरुवार की दरम्यानी रात करीब 3 बजे एक चलते ट्रक आयशर ट्रक में आग लग गई।

घटना की सूचना मिलने पर नगरपालिका मुलताई की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची एवं अगर डीजल टैंक तक पहुंच पाती उसके पहले ही आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है ग्राम उमनपेठ निवासी इमरत गोहिते का आयशर ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीडी 4982 तिगांव से साईखेड़ा की ओर गोभी भरने जा रहा था। रास्ते में अज्ञात कारणों से ट्रक के सामने वाले हिस्से में आग लग गई। चालक ने वाहन से धुआं और आग की लपटें निकलते देख तुरंत ट्रक रोका और अधिकारियों तथा फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही नगर पालिका मुलताई की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची एवं आग बुझाई गई। जिससे ट्रक के सामने का हिस्सा केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया ।ट्रक में शार्ट सर्किट होने आग लगने की संभावना जताई जा रही है। आग बुझाने में फायर कर्मचारी मनोज कवड़े, दीपक अहिरवार और विजय बडघरे के सराहनीय भूमिका रही।

## मवेशियों को पानी पिलाने गई महिला की डूबने से मौत

**मुलताई। थाना क्षेत्र के ग्राम सरई में गुरुवार की सुबह मवेशियों को पानी पिलाने गई महिला की कुएं में गिरकर डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है ग्राम सरई निवासी गुंता पति हेमर चिचाम (40 वर्ष) गुरुवार सुबह अपने मवेशियों को पानी पिलाने के लिए घर से निकली थीं।**

काफी देर तक वापस नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान महिला के कुएं में गिरने की जानकारी मिली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा ग्रामीणों की मदद से महिला को कुएं से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी।



ग्रामीणों ने बताया महिला मवेशियों को पानी पिला रही थीं। इसी दौरान किसी मवेशी के धक्का देने से उनका संतुलन बिगड़ गया और वह कुएं में गिर गई,हालांकि घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। ग्रामीणों का कहना है कि जिस कुएं में हादसा हुआ, वहां सुरक्षा के लिए मुंडेर नहीं बनी हुई थी। लोगों का मानना है कि यदि कुएं के चारों ओर मुंडेर होती तो संभवत: यह हादसा टल सकता था। घटना के बाद ग्रामीणों ने खुले और असुरक्षित कुओं पर सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने की मांग की है।

## बैठक आज, लंबित पीपीओ और आंदोलन की रणनीति पर होगी चर्चा

**बैतूल। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन बैतूल की नियमित मासिक बैठक शुक्रवार 5 जून को दोपहर 12 बजे सुंदरलाल कड़वे के निवास पर आयोजित की जाएगी।**

बैठक में 31 मई को सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स साथियों का स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा। बैठक में पेंशनर्स से जुड़े सामयिक एवं प्रासंगिक मुद्दों पर चर्चा होगी। साथ ही 10 जून को तहसील स्तर पर प्रस्तावित धरना-रैली एवं एसडीएम/तहसीलदार को ज्ञापन सौंपने तथा 30 जून को जिला स्तर पर धरना-रैली एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। पेंशन कार्यालय बैतूल में संशोधित पीपीओ के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर आगामी कार्रवाई की रूपरेखा तय की जाएगी।

इसके अलावा संगठन को अधिक सशक्त एवं सुदृढ़ बनाने, पेंशनर्स के हित संरक्षण एवं कल्याण से जुड़े विषयों पर सुझाव और परामर्श भी लिए जाएंगे। एसोसिएशन ने सभी पेंशनर्स साथियों एवं कार्यकारिणी पदाधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## 6 जून तक मनाया जा रहा पर्यावरण सप्ताह

**पाथाखेड़ा ।**ऍाथाखेड़ा क्षेत्र में 1 से 6 जून तक आयोजित पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण को मानव जीवन और भविष्य की पीढ़ियों के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि कोयला उत्पादन के दौरान प्रकृति पर प्रभाव पड़ता है, इसलिए खनन कार्यों के साथ पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को प्राथमिकता देना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि माइनिंग इंडस्ट्री धरती के गर्भ से कोयला निकालने का कार्य करती है और देश में आज भी 70 प्रतिशत से अधिक विद्युत उत्पादन कोयला आधारित है। ऐसे में औद्योगिक विकास और पर्यावरण संतुलन के बीच सामंजस्य बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पर्यावरण हमें पूर्वजों से विरासत में मिला है और आने वाली पीढ़ियों को इससे बेहतर वातावरण देना हमारी जिम्मेदारी है। महाप्रबंधक गुप्ता ने सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों से वृक्षारोपण अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया।



## 10 हजार के ईनामी अफीम तस्कर को नीमच से किया गिरफ्तार

**सारनी।** दस हजार का इनामी अफीम तस्कर को पुलिस ने नीमच से गिरफ्तार किया है ।ऍटीआई जयपाल इवनाती ने बताया कि मादक पदार्थों के अवैध व्यापार एवं खेती पर प्रभावी रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रियंका करचाम सारणी के मार्गदर्शन में थाना सारणी पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि थाना सारणी के एनडीपीएस के 2 प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे थाना जावद जिला नीमच निवासी आरोपी राकेश बंजारा पिता गोपाल बंजारा को गिरफ्तार करने में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक बैतूल द्वारा 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। टीआई श्री इवनाती ने कहा कि थाना सारणी में दर्ज अपराध क्रमांक 100/25 धारा 8/18, 25 एनडीपीएस एक्ट, अपराध क्रमांक 112/25 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में आरोपी घटना दिनांक से फरार चल रहा था। पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी राकेश बंजारा पिता गोपाल बंजारा उम्र 37 वर्ष, निवासी ग्राम आमलीचक पंचायत आमलीभाट तहसील जावद थाना जावद जिला नीमच को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी जयपाल इनवाती, उप निरीक्षक चौकी प्रभारी पाथाखेड़ा मनोज उईके, आम्रपाली डाहट चौकी प्रभारी घोड़ाडोंगरी, प्रधान आरक्षक शैलेन्द्र थाना जावद, देवेन्द्र प्रजापति,आरक्षक मोहित भाटी थाना सारणी, सुनील डिंडोरे, सायबर सेल बैतूल पंकज नरवरे की सराहनीय भूमिका रही है।



### एक नजर में

#### वाहन की टक्कर से बाइक सवार 2 युवक घायल

**मुलताई।** मुलताई वरुड़ मार्ग पर गुरुवार की दोपहर करीब 2.30 बजे बाइक से मुलताई की ओर आ रहे दो युवकों की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए, टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन चालक फरार हो गया। दोनों घायलों को,108 एम्बुलेंस से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है ग्राम कोल्हया निवासी कमलेश कुमरे (35 वर्ष) और दीपक वरखड़े (28 वर्ष) बाइक से किसी काम से आष्टी गए थे जो दोपहर में वापस बाइक से अपने गांव लौट रहे थे,इस दौरान ग्राम नरखेड़ के पास अज्ञात वाहन चालक बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों सड़क पर गिर गए। दुर्घटना में कमलेश को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि दीपक वड़खड़े को हल्की चोटें आई हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची जहां एंबुलेंस के ईएमटी महेश झलिये ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर एंबुलेंस चालक दिलीप मरावी की मदद से घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां पर घायलों का उपचार जारी है।

#### संपर्क अभियान के तहत शिविर आज

**बैतूल ।**विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केंद्र बैतूल ग्रामीण के द्वारा 5 जून को विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए संपर्क अभियान के तहत खंडारा में सुबह 10 बजे से शिविर आयोजित किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल ग्रामीण ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित शिविर में क्लस्टर क्रमांक- 5 खण्डारा पंचायत के पास के उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

#### जिपं सदस्य ने किया निर्माण का भूमिपूजन

**बैतूल।** विकासखंड प्रभात पट्टन की ग्राम पंचायत इटावा के ग्राम मंदिर ढाना में दो लाख रुपये की लागत से बनने वाले सांस्कृतिक रंगमंच का भूमिपूजन जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाड़े ने ग्रामीणों की उपस्थिति में किया। भूमि पूजन के साथ ही ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं की लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई। ग्रामीणों की समस्या और आवश्यकता को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाड़े ने रंगमंच निर्माण का प्रस्ताव जिला पंचायत से स्वीकृत कराया। स्वीकृति मिलने के बाद ग्रामीणों के साथ भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। ग्रामीणों ने मंच निर्माण की स्वीकृति मिलने पर खुशी जताते हुए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि रंगमंच निर्माण होने से गांव में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इससे ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिलेगा और सामुदायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

#### लीकेज के संबंध में बताई वस्तुस्थिति

**बैतूल।** जल आवर्धन योजना में लीकिज, खुले नल से पानी हो रहा बर्बाद संबंध में नगर पालिका परिषद सारणी ने वस्तु स्थिति स्पष्ट की है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद सारणी ने बताया कि निकाय क्षेत्रांतर्गत जलावर्धन योजना का संचालन संधारण म.प्र. अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा अधिकृत ऐजेंसी मेसर्स लक्ष्मी इंजीनियरिंग सर्विसेस कोल्हापुर केम्प सारनी द्वारा किया जा रहा है।

**चौपाल** — दूरस्थ ग्राम टिटवी में आयोजित रात्रि चौपाल में कलेक्टर डॉ सोनवणे ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## प्रगतिरत उप स्वास्थ्य केंद्रों को शीघ्र पूर्ण कर क्रियाशील करने के सख्त निर्देश

**बैतूल। भीमपुर ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों के भ्रमण के दौरान कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने ग्राम टिटवी में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।**



चौपाल में ग्राम पोटला एवं गोडीदाह में नल-जल योजना के सुचारू संचालन नहीं होने की शिकायत पर कलेक्टर डॉ सोनवणे ने ठेकेदार को एक सप्ताह के भीतर कार्य पूर्ण कर योजना चालू करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अगले तीन माह तक पंप ऑपरेटर की व्यवस्था ठेकेदार द्वारा सुनिश्चित करने तथा ग्राम के इच्छुक युवाओं को प्रशिक्षित कर स्थानीय स्तर पर पंप संचालन की व्यवस्था विकसित करने के निर्देश भी दिए। ग्राम में आंगनवाड़ी भवन की मांग पर उन्होंने सकारात्मक समाधान करने के निर्देश दिए। पंचायत मद की राशि के उपयोग की कार्ययोजना की जानकारी लेते हुए ग्राम पोथली में स्कूल के अतिरिक्त भवन निर्माण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने पेंशन संबंधी समस्याओं पर भी ग्रामीणों से चर्चा की। बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं होने से पेंशन मिलने में आ रही दिक्कतों पर ऐसे सभी हितग्राहियों को चिन्हित कर समस्या का समाधान कर पेंशन सुचारू करने के निर्देश उप संचालक सामाजिक न्याय को दिए। ग्राम कमोद में पेयजल समस्या के समाधान के लिए भी आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने कृषि विभाग को प्राकृतिक खेती से लाभान्वित किसानों के खेतों का भ्रमण अन्य किसानों को कराने के निर्देश दिए। ग्रामीणों की मांग पर बाशिंदा के सूखाढाना में स्कूल निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने तथा ग्राम चिल्लौर में 11 केवी विद्युत लाइन को व्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए गए।

### आजीविका गतिविधियों को बढ़ाने के दिए निर्देश

महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से चर्चा कर ग्रामों सहित पूरे भीमपुर ब्लॉक में आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। सिकल सेल स्क्रीनिंग के लिए डोडाजाम, खेरा, मोहटा और टिटवी में विशेष शिविर आयोजित कर जांच कराने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने प्रगतिरत तीनों उप स्वास्थ्य केंद्रों के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर उन्हें क्रियाशील बनाने के निर्देश दिए। ग्राम चिल्लौर में नव निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को शीघ्र प्रारंभ करने तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहटा में पदस्थापना कर सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## सांदीपनि स्कूल में प्रायोगिक प्रशिक्षण शुरू

**बैतूल।** सीमेट (भोपाल) द्वारा जिला अंतर्गत समस्त हायर सेकेंडरी स्कूलों में पदस्थ भौतिकी, रसायन शास्त्र तथा जीव विज्ञान विषयों के शिक्षकों हेतु तीन दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षण का प्रथम चरण बैतूल बाजार स्थित शासकीय सांदीपनि कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। डाइट प्रभात पट्टन की प्राचार्या सरिता आंडे के नेतृत्व में सुचारु रूप से चल रहे इस प्रशिक्षण में डाइट की प्रशिक्षण प्रभारी श्रीमती शबीना बेग ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मालवीय द्वारा समस्त व्यवस्थाएं व प्रायोगिक सामग्री उपलब्ध कराई गई तथा विज्ञान प्रभारी सविता महाले ने तीनों प्रयोगशालाओं का प्रबंधन संभाला। प्रशिक्षण में रसायन शास्त्र के मास्टर ट्रेनर्स राकेश खातरकर व धनराज कहार, भौतिक विज्ञान के डॉ. सतीश साहू व संदीप तुरिया और जीव विज्ञान के आशुनाथ साहू व शिवानंद पाटिल द्वारा प्रयोगों को सरल व व्यवस्थित रूप से सिखाते हुए अवधारणाएं स्पष्ट की गईं, जिस पर अनुभव साझा करते हुए भौतिकी शिक्षक सचिन नाडेकर ने इसे बारीकियां सिखाने वाला और रसायन शिक्षक संजय रघुवंशी ने विद्यालयीन स्तर की व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करने वाला एक सार्थक आयोजन बताया, वहीं जीव विज्ञान शिक्षक पुनीत कुमार वर्मा ने बताया कि क्ले गतिविधि, स्टिकी नोट स्केलेटन और रोल प्ले जैसी नवीन गतिविधियों के माध्यम से यह प्रशिक्षण बेहद रोचक और नया अनुभव देने वाला रहा, जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थियों ने सहभागिता दी।

